# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

**—::संकल्प::—**

श्री अरूण कुमार दूबे, तदेन कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, जाँच एवं गुणवत्ता नियंत्रण प्रमंडल, औरंगाबाद सम्प्रति कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, जाँच एवं गुणवत्ता नियंत्रण प्रमंडल, बेगूसराय के विरूद्ध श्रीमती वसुंधरा कुमारी, प्रमंडलीय लेखा पदाधिकारी एवं अध्यक्ष, महिला उत्पीन बचाव समिति, औरंगाबाद से महिला पदाधिकारियों के साथ शारीरिक संबंध बनाने का दबाव देने, महिला कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों के साथ अश्लील व्यवहार करने, उच्चाधिकारियों को फेसबुक एवं वॉट्सएप पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने, पाकिस्तानी महिलाओं से वार्तालाप करने एवं पाकिस्तानी आंतकियों से सम्पर्क होने संबंधी मामले में प्राप्त परिवाद पत्र के आलोक में श्री दूबे से प्राप्त स्पष्टीकरण की अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा सम्यक विचारोपरांत इनके स्पष्टीकरण को अस्वीकृत किया गया तथा आरोप पत्र में अन्तर्विष्ट आरोपों की विस्तृत/गहन जाँच हेतु संकल्प ज्ञापांक 7541 दिनांक 10.07.2023 के द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित करने का निर्णय लिया गया। उक्त विभागीय कार्यवाही में श्री उज्ज्वल कुमार सिंह, तदेन विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को संचालन पदाधिकारी तथा श्री विवेक कुमार राय, तदेन सहायक अभियंता, मुख्य अभियंता, निर्माण एवं गुणवत्ता नियंत्रण का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया। उक्त विभागीय कार्यवाही में नियुक्त प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी श्री विवेक कुमार राय, तदेन सहायक अभियंता, मुख्य अभियंता, निर्माण एवं गुणवत्ता नियंत्रण का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना का अन्यत्र स्थानांतरण हो जाने के कारण कार्यालय आदेश सं 428—सह—पठित ज्ञापांक 8328 दिनांक 01.08.2025 के द्वारा श्री विवेक कुमार राय के स्थान पर श्री शुभम सिंह, सहायक अभियंता, मुख्य अभियंता, निर्माण एवं गुणवत्ता नियंत्रण का कार्यालय (प्रतिनियुक्ति MMGSY Cell), ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

2. उक्त विभागीय कार्यवाही में नियुक्त संचालन पदाधिकारी श्री उज्ज्वल कुमार सिंह, तदेन विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना का सामान्य प्रशासन विभाग के अधिसूचना सं0—14263 दिनांक 02.08.2025 के द्वारा निदेशक, पशुपालन, बिहार, पटना के पद पर स्थानांतरण कर दिया गया है।

3. अतः श्री अरूण कुमार दूबे, तदेन कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, जाँच एवं गुणवत्ता नियंत्रण प्रमंडल, औरंगाबाद सम्प्रति कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, जाँच एवं गुणवत्ता नियंत्रण प्रमंडल, बेगूसराय के विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही में श्री उज्ज्वल कुमार सिंह, तदेन विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के स्थान पर श्री अभय झा, संयुक्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है।

आदेशः— आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति संचालन पदाधिकारी/प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी/आरोपित पदाधिकारी को जानकारी एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज दी जाय।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

17/9/25

(आदित्य प्रकाश)
अवर सचिव
ग्रामीण कार्य विभाग

(snk-letter-m) Ph-0612-2545191 Fax-0612-2545322, Website:- http//rwdbihnic.org, E-mail : secretaryrwdbihar@gmail.com, secy-reo-bih@nic.in

ज्ञाप सं०:–2 / अ0प्र0–1–10 / 2025 पटना / दिनांक:–

**प्रतिलिपि:**–श्री अभय झा, संयुक्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना–सह–संचालन पदाधिकारी को विभागीय कार्यवाही से संबधित कागजातों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

अवर सचिव 17/9/25
ग्रामीण कार्य विभाग

ज्ञाप सं०:–2 / अ0प्र0–1–10 / 2025 पटना / दिनांक:–

**प्रतिलिपि:**– श्री शुभम सिंह, सहायक अभियंता, मुख्य अभियंता, निर्माण एवं गुणवत्ता नियंत्रण का कार्यालय (प्रतिनियुक्ति MMGSY Cell), ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना–सह–प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी तथा श्री अरूण कुमार दूबे, तदेन कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, जाँच एवं गुणवत्ता नियंत्रण प्रमंडल, औरंगाबाद सम्प्रति कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, जाँच एवं गुणवत्ता नियंत्रण प्रमंडल, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

अवर सचिव 17/9/25
ग्रामीण कार्य विभाग

ज्ञाप सं०:–2 / अ0प्र0–1–10 / 2025 10061 पटना / दिनांक:– 18.9.25

**प्रतिलिपि:**– श्री उज्ज्वल कुमार सिंह, तदेन विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना सम्प्रति निदेशक, पशुपालन, बिहार, पटना के आप्त सचिव / आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रषित।

अवर सचिव 17/9/25
ग्रामीण कार्य विभाग